an>

Title: Need to extend the services of metro railways in Pimpri Chinchwad upto Bhakti-Shakti Chowk, Nigdi.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): महोदया, मेरे चुनाव क्षेत्र में पिंपरी चिंचवड से पुणे तक मेट्रो ट्रैक को वर्ष 2008 में प्राथमिक तौर पर मंजूरी मिली थी, लेकिन आज तक वास्तविक रूप से मेट्रो का कोई निर्णय नहीं हुआ है और वह काम वैसा का वैसा ही रहा है।...(व्यवधान)

इस मेट्रो ट्रैक को पिंपरी चिंचवड से पुणे तक मंजूरी मिली है, जबकि पिंपरी चिंचवड तक 15 स्टेशन आते हैं।...(व्यवधान) केवल 7.5 किलोमीटर तक ही मेट्रो ट्रेन पिंपरी चिंचवड तक चलाने को मंजूरी मिली है।...(व्यवधान) पिंपरी चिंचवड शहर की आबादी 22 लाख है।...(व्यवधान) पिंपरी चिंचवड के करीब वाकन, देहु रोड, आकुर्डी और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को इसकी सुविधा मिलनी चाहिए।...(व्यवधान)

अतः मैं आपके माध्यम से मंत्रालय से माँग करता हूँ कि इस मेट्रो मार्ग को पिंपरी के अम्बेडकर चौक तक मंजूरी मिली है।...(व्यवधान) अगर इसे बढ़ाकर भक्ति-शक्ति चौक निगडी तक मंजूरी मिले तो इससे इन सभी को राहत मिलेगी और सभी को सुविधा प्राप्त होगी।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।